कार्यालय अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्र सं0 : 1076/शैक्षिक/छात्रवृत्ति/2023 दिनांक : 16.12.2023

:: सूचना ::

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2023–24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन किये जाने के उपरान्त विश्वविद्यालय स्तर से ऑनलाइन सत्यापित किया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में सूचित करना है कि समस्त छात्र–छात्राएं छात्रवृत्ति पंजीकरण फॉर्म (Scholarship Form) से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों (Documents) को छात्रवृत्ति फॉर्म के फाइनल प्रिंट आउट के साथ संलग्न कर ***अपने विभागाध्यक्ष की संस्तुति के साथ*** दिनांक : **18.12.2023** से **31.12.2023** तक शैक्षिक अनुभाग के छात्रवृत्ति पटल पर प्रातः 10:30 से सायं 04:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। अंतिम तिथि के पश्चात् कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त को समस्त छात्रावासों के सूचनापट्टों पर प्रदर्शित कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि सूचना को अपने विभाग के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कराते हुये छात्रों के छात्रवृत्ति आवेदन फार्म पर **उनकी उपस्थिति वर्तमान सत्र में 75% या उससे अधिक होने पर ही सत्यापित करने का कष्ट करें।**
3. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

16/12/2023

(प्रो0 ललित कुमार सिंह)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप